**हादसा** कटंगी रोड स्थित झगरा ग्राम के पास दुर्घटना, दो बच्चे व पति घायल, महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम

# ससुराल से लौट रहे परिवार को हाइड्रा क्रेन ने कुचला





हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

**बेलखाड़ू, नवभारत 1 सितंबर।** कटंगी थाना क्षेत्र के गांव उर्दूआ कला मायके से सुबह 8 बजे अपने पति, बच्चों के साथ मोटर सायकल से करारी मनक्वारा ग्राम स्थित ससुराल लौटते समय जबलपुर कटंगी मार्ग पर रिंग रोड के नजदीक ग्राम झगरा स्थल पर पीछे से रिंग रोड निर्माण कार्य में लगे एक हाइड्रा क्रेन ने जोरदार टक्कर मार दी।

घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे बेलखाड़ू पीएससी अस्पताल स्थानीय लोगो व पुलिस की मदद से ले जाया गया जहां से मेडिकल अस्पताल रिफर किया गया मेडिकल में डाक्टरों ने घायल महिला का परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### ससुराल से युवक लौट रहा था घर

पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अमित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि करारी मनकुआरा ग्राम निवासी आकाश बसोर अपनी पत्नी श्रीमती मंजो बसोर उम्र 25 वर्ष व दो बच्चे आरव, आरवी को ससुराल उर्दूआ कला गांव से मोटर साइकिल से लेकर सुबह अपने घर के लिए मुख्य कटंगी रोड से आ रहा था, रिंग रोड ब्रिज झगरा के समीप पहुंचते ही कटंगी की ओर जा रहे एक बड़े हाइड्रा क्रेन क्रमांक ने पीछे से टक्कर मार दी मोटर साइकिल हाइड्रा के चक्के में दब गई। पति व बच्चों को छोड़कर मंजो बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। सिर, मुंह से खून वह रहा था। बताया जाता है कि इस दर्दनाक

### मेडिकल में परीक्षण उपरांत महिला को मृत घोषित किया

इस हादसे के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पंजों को बेलखाड़ू स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। घटना की खबर फैलते ही घायल के नाते रिश्तेदार बड़ी संख्या में स्वास्थ्य केंद्र पर एकत्रित हो गए। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर पीयूष द्विवेदी ने बताया कि महिला को गंभीर स्थिति में लाया गया था, सिर में चोट,नाक, मुंह ,कान में खून देखा गया। प्रथम दृष्टया शरीर में कोई हलचल नहीं पाई गई। ऐसी स्थिति में घायल को मेडिकल रेफर किया गया। मेडिकल जबलपुर में चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतिका का वही पोस्ट मार्टम किया गया।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से भैंस की मौत

**प्रज्ञाधाम कटंगी रोड पर हादसा, वाहन चालक फरार**

**कटंगी नवभारत 1 सितंबर।** कटंगी नगर के प्रज्ञाधाम के आगे मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर जा रही भैंस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सड़क पर मृत भैंस के पड़े होने से कुछ समय के लिए लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई।

### मवेशियों की आवाजाही पर लगे रोक

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है और कई बार मवेशी सड़क पर आ जाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर घूमने वाले मवेशियों की व्यवस्था करने तथा वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से अज्ञात वाहन की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



# बहनों के विश्वास का प्रतीक है राखी : बरकड़े

**सिहोरा विधायक ने बहनों से बंधवाई राखी, सुरक्षा और सम्मान का संकल्प**

**सिहोरा नवभारत 1 सितंबर।** सिहोरा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले भाजपा गोसलपुर मंडल में रामसागर जलाशय के तट पर स्थित राधाकृष्ण कुटी मंदिर में मंगलवार को विधायक संतोष बरखडे ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के क्रम में गोसलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों जैसे गोसलपुर कछपुरा जुझारी सहित क्षेत्र की सैकड़ों बहनों से राखी बंधवाई। इस अवसर पर बहनों ने विधायक बरखडे की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु और सफल कार्यकाल की कामना की विधायक श्री बरखडे ने सभी बहनों को उपहार भेंट किए और वचन दिया की क्षेत्र की बहन-बेटियों की सुरक्षा सम्मान और विकास के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता ग्राम पंचायत के पंचगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे क्षेत्र की बहनों में इस अवसर को लेकर काफी उत्साह देखा गया विधायक ने कहा यह राखी केवल एक धागा नहीं बल्कि बहनों के विश्वास का प्रतीक है जिसे मे पूरी निष्ठा से निभाऊंगा।

# सिक्स लेन निर्माण कार्य में सुरक्षा ताक पर

**कारीवाह ओवरब्रिज के पास मंडरा रहा हादसे का खतरा**



**सिहोरा नवभारत 1 सितंबर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जबलपुर-सिहोरा फोरलेन पर कारीवाह ओवरब्रिज के समीप सिक्स लेन विस्तारीकरण का अधूरा और धीमा कार्य राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। सड़क के दोनों ओर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों को ताक पर रख दिए जाने से यहां हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

सिक्स लेन निर्माण के चलते सड़क के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर खुदाई की गई है। मुख्य डामर रोड और खोदी गई जमीन के बीच खतरनाक ढलान व खाइयां बन चुकी हैं। सड़क किनारे की पटरी शोल्डर पर अब नाममात्र की जगह बची है, जिससे भारी ट्रैफिक के बीच वाहनों को साइड से निकालना बेहद जोखिम भरा हो गया है।

### प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

क्षेत्रीय नागरिकों, वाहन चालकों और स्थानीय राहगीरों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ संवेदनशील स्थानों पर तुरंत मजबूत सुरक्षा बैरिकेड्स और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि किसी भी अप्रिय जनहानि को टाला जा सके।

### बारिश से बढ़ी फिसलन

कार्य की गति बेहद धीमी होने के कारण खोदी गई कच्ची मिट्टी में बारिश का पानी भर गया है। जलभराव और कीचड़ के चलते किनारों की मिट्टी लगातार धंसक रही है। निर्माण एजेंसी द्वारा समय रहते भराव कार्य न किए जाने से सड़क का दायरा और भी असुरक्षित हो चुका है, जिससे वाहनों के नीचे उतरते ही पलटने का खतरा बना रहता है।

### बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड नदारद

निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी नियमों का पूरी तरह अभाव दिखाई दे रहा है। न तो खाई वाले हिस्सों पर कोई मजबूत बैरिकेडिंग की गई है और न ही दूर से नजर आने वाले रिफ्लेक्टर या रेडियम संकेतक लगाए गए हैं। रात के अंधेरे में तथा खराब मौसम में यह जगह वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों के लिए 'ब्लाइंड स्पॉट' साबित हो रही है।

# निदान वॉटर फॉल के पास बोलेरो पलटी

**टूटी पुलिया फिर बनी दुर्घटना का कारण, प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों और पर्यटकों में आक्रोश**



**कटंगी नवभारत 1 सितंबर।** कटंगी क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल निदान वाटर फॉल तक पहुंचने वाले मार्ग की जर्जर और क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण एक बोलेरो पलट गई। वाहन पलटने से पर्यटकों में चीख-पुकार मच गई लेकिन किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

इन दिनों हादसों को न्योता दे रही है। पुलिया लंबे समय से बदहाल है और स्थानीय लोगों के अनुसार करीब दो वर्षों से इसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया है। इसके चलते यहां से गुजरने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ पर्यटकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को एक बार फिर इस क्षतिग्रस्त पुलिया के कारण हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार निदान वाटर फॉल से वापस लौट रही काले रंग की बोलेरो वाहन पुलिया से निकल रही थी। इसी दौरान मार्ग के किनारे की मिट्टी धंस गई और वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में वाहन में सवार लोगों में से एक व्यक्ति को चोट आई, जबकि अन्य लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### बारिश में बढ़ जाता है खतरा

बरसात के मौसम में निदान वाटर फॉल की खूबसूरती देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। बारिश के दौरान यहां सैकड़ों से लेकर हजारों पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुलिया और दुर्गम रास्ता किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया की हालत लंबे समय से खराब है। पूर्व में भी यहां कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा अब तक स्थायी सुधार कार्य नहीं कराया गया है।



### बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा प्रशासन?

लोगों का आरोप है कि शासन-प्रशासन शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से मार्ग की मरम्मत, पुलिया का निर्माण और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किया जाना बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बारिश के दौरान किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने प्रशासन से मांग की है कि निदान वाटर फॉल जाने वाले मार्ग की तत्काल जांच कराकर क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराया जाए तथा मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि पर्यटकों और ग्रामीणों को दुर्घटनाओं के खतरे से बचाया जा सके।

# खेल के क्षेत्र में डॉ . प्रशांत मिश्रा को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान



**कटंगी।** मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है कि खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. प्रशांत मिश्रा (मध्यप्रदेश) को अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान समारोह 2026 से सम्मानित किया जाएगा।

आयोजक अंतरराष्ट्रीय स्वामी प्रज्ञानंद सम्मान समारोह 2026 द्वारा जारी आमंत्रण के अनुसार सम्मान समारोह का आयोजन 3 सितंबर 2026 को शाम 4 :30 बजे नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, 15 संसद मार्ग में किया जाएगा। डॉ. प्रशांत मिश्रा को यह सम्मान खेल के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के लिए यह उपलब्धि गौरवपूर्ण मानी जा रही है। सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. मिश्रा के सम्मान की खबर से उनके शुभचिंतकों, खेलप्रेमियों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एक्टिवा-बाइक में भिड़ंत, दो घायल

मझौली थाने में राजा सिंघई निवासी गकुदवारी अमखेरा गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार सुबह व एवं उसके पिता राजेश जैन, भाई आगम सिंघई, चाचा संजय कुमार सिंघई चारों 2 मोटर सायकलों से मझौली जैन मंदिर पूजा करने आये थे ग्राम रजबई मोड़ के पास सिहोरा रोड मझौली पहुॅचे तभी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसई 8811 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके भाई आगम सिंघई की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दिया जिससे भाई आगम सिंघई व चाचा संजय कुमार दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये जिससे दोनों को चोटें आ गई।



# चलित न्यायालय से यातायात पर रखी नजर

**गोसलपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की दी समझाइश**

**सिहोरा नवभारत 1 सितंबर।** चलित न्यायालय के तहत गोसलपुर कस्बे के बस स्टैंड मे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई न्यायिक मजिस्ट्रेट खालिदा तनवीर खान और विशाल रिछारिया के साथ थाना प्रभारी भावना तिवारी की मौजूदगी में पुलिस टीम ने वाहनों की जांच की।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जबलपुर के आदेश और प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जबलपुर के निर्देश पर मंगलवार को जांच के दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों और मालिकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई अधिकारियों ने कहा की सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों की अनदेखी न करें, क्योंकि छोटी सी लापरवाही भी हादसे का कारण बन सकती है।

### हेलमेट पहनें, दस्तावेज रखें

पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनने जरूरी दस्तावेज साथ रखने और सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की हिदायत दी चलित न्यायालय की कार्रवाई का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा।

### इनका रहा सहयोग

प्रधान आरक्षक बृजेश मिश्रा आरक्षक शुभम दत्त शर्मा आरक्षक जितेंद्र राय,आरक्षक सिंटू कुमार आरक्षक राहुल पटेल सैनिक मुकेश तिवारी, सैनिक नर्मदा पटेल आदि ने जांच की कार्रवाई में सहयोग दिया।


**आक्रोश** पशुपालक कह रहे पशु आहार महंगे होने से टूट रही कमर, पशुपालकों के लिए आजीविका चलाना मुश्किल, अब आंदोलन की राह पकड़ेंगे

# दूध के बढ़ते दामों से जनता का निकल रहा दम, पशुपालक भी परेशान

**सिहोरा नवभारत 1 सितंबर।** एक ओर जहां जनता दूध के बढ़ते दामों से आक्रोशित है वहीं दूसरी तरफ पशु आहार महंगे होने के कारण पशुपालकों के लिए दूध का व्यवसाय घाटे का सौदा साबित हो रहा है। पशुलकों का आरोप है कि पशु चारे पर महंगाई की मार से उनकी कमर टूट रही है।

सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाले गोसलपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बड़ी मात्रा में पशुपालन किया जाता है लेकिन पशुपालन में बढ़ती लागत ने पशुपालकों की कमर तोड़कर रख दी है। उनके सामने जी-तोड़ मेहनत के बावजूद पशुओं और परिवार का पालन मुश्किल हो गया है।

पशुपालकों द्वारा व्यवसाय की दृष्टि से गाय भैंस की डेरी खोलकर दुधारू पशुओं का पालन किया जा रहा है परंतु महंगाई के इस युग में इन मवेशियों को खिलाने वाले पशु आहार चुनी चोकर खली चना, गुड तेल, बिनौला खल दवाईयां व अन्य सामग्री की कीमतें निरंतर आसमान को छू रही हैं ऐसे में पशुपालकों को इस पशुपालन व्यवसाय में लंबा नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं सरकारी दुग्ध केंद्र क्षेत्र में नहीं होने के कारण उन्हें दूध के सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं। पशुपालकों का कहना है की इस ओर न तो सरकार और न ही पशुपालन विभाग ध्यान दे रहा है पशुपालकों को योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाती हैं न ही बैंक से पशु क्रेडिट कार्ड बन रहे और पशुपालकों की योजनाओं की फाइलें बैंकों में आकर लाल फीताशाही फाइलों में दफन हो जाती हैं।



दूसरी ओर सरकार राजस्व रिकॉर्ड में मवेशियों के लिए सुरक्षित भूमि तो छोड़ता है परंतु वह भूमि कहां है इसका पता लगाने में राजस्व विभाग कभी चिंता नहीं करता नतीजन पशुओं के लिए सुरक्षित चरनोई भूमि पर दबंगो के अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही वहीं दूसरी ओर पशुपालकों का दूध माटीमोल बिक रहा है।

### घाटे का सौदा हो रहा साबित

पशुपालक मुल्लू यादव बृजकिशोर यादव राकेश सिंह ठाकुर कमल सिंह ठाकुर शिवकुमार काछी रामदयाल दुबे लक्ष्मीनारायण यादव रबिन्द यादव मनोज पटेल विजय चौरसिया अमित जैन ने बताया की मौजूदा स्थिति में पशुपालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है । अन्य किसी भी सामग्री में सब्सिडी प्रदान नहीं की जाती पशुपालकों ने यह भी बताया की पशुओं को होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नि:शुल्क मिलने वाली दवाइयां शासकीय वेटरनरी अस्पतालों न होने से मजबूरी में पशुपालकों को निजी दवाई दुकानों से महंगी दवाइयां खरीदनी पडती है दाना भूसा महंगा है अब आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं की अगर ऐसी माटी मोल दूध बिकता रहा तो पशुपालकों को इस व्यवसाय से कैसे मुनाफा हो पाएगा जहां एक और मध्यप्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव पशुपालन को बढ़ावा देने व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की बात करते हैं वही दूसरी ओर पशुपालक को दूध का सही दाम भी नहीं मिल पा रहा है पशुओं की सुरक्षित भूमि से अतिक्रमण नहीं अलग हो पा रहा है ऐसे में पशुपालन को कैसे बढ़ावा मिलेगा निरंतर दुग्ध उत्पादन क्षमता घट रही है पशुपालको ने इस संबंध में मुख्यमंत्री सांसद विधायक जिला प्रशासन के मुखिया से ध्यान देने की मांग की है।

### इन दरों पर पशुपालकों से लिया जा रहा दूध

गोसलपुर नगर में खुले निजी दूध खरीदी सेंटरो में पशु पालको से गाय का दूध 35 से 40 रुपये और भैंस का दूध पचास से साठ रुपये लीटर खरीदा जा रहा है दूध की कम कीमत मिलने के कारण पशुपालकों की लागत नहीं निकल रही है अनेक पशुपालको ने इस व्यवसाय से अपना मुंह मोड़ लिया है।

### लंबे समय से की जा रही सहकारी दूध खरीदी केंद्र की मांग

पशुपालको कहना है की गोसलपुर एक कस्बा बस्ती है इससे लगे लगभग दो दर्जन गांव के पशुपालकों का गोसलपुर से जीवंत संपर्क है गोसलपुर में सरकारी या सहकारी दूध खरीदी केंद्र खोलने की मांग बड़े लंबे समय से की जा रही है इस संबंध का मांग पत्र जनसेवा समिति के अध्यक्ष हेमचंद असाटी द्वारा कलेक्टर को भी दिया गया है अगर गोसलपुर में सरकारी या सहकारी दूध खरीदी केंद्र खुला जावेगा तो निश्चित रूप से पशुपालकों को उनके दूध का उचित दाम मिलने लगेगा।